# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय
## ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर

जी.बी,यू-002/प्रशा./2.3/2026-451 दिनाँकः 27 फरवरी, 2026

## :: कार्यालय ज्ञाप ::

प्रबन्ध बोर्ड की दिनाँक 19 फरवरी, 2026 को सम्पन्न हुई उनचासवीं बैठक के बिन्दु संख्या 49.26.08 में यह निर्णय लिया गया हैः-

**प्रस्तावः-** **विश्वविद्यालय कन्वेंशन सेंटर, गेस्ट हाउस, प्रेक्षागृह/हॉल, समस्त खेल के मैदानों, इंडोर स्टेडियम, फिल्म/डाक्यूमेंटरी की शूटिंग एवं अन्य भवनों/स्थलों, ध्यानकेन्द्र एवं स्कूल ऑडिटोरियम हेतु किराए का निर्धारण/पुनरीक्षण किये जाने हेतु गठित समिति की संस्तुतियाँ बोर्ड के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

**निर्णयः-** विश्वविद्यालय कन्वेंशन सेंटर, गेस्ट हाउस, प्रेक्षागृह/हॉल, समस्त खेल के मैदानों, इंडोर स्टेडियम, फिल्म/डाक्यूमेंटरी की शूटिंग एवं अन्य भवनों/स्थलों, ध्यानकेन्द्र एवं स्कूल ऑडिटोरियम हेतु किराए का निर्धारण/पुनरीक्षण किये जाने हेतु गठित समिति की संस्तुतियों को बोर्ड के मा0 सदस्यों के द्वारा अनुमोदित किया गया।

**संलग्नः** अनुमोदित समिति की संस्तुतियाँ ।

**(प्रो0 चन्दर कुमार सिंह)**
प्रभारी-कुलसचिव

**प्रतिलिपिः**

- मा0 कुलपति महोदय के स्टाफ आफिसर को महोदय के संज्ञान में लाने हेतु।
- वित्त अधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
- निदेशक (कार्य) को सूचनार्थ प्रेषित।
- सिस्टम मैनेजर को इस आशय से कि इस कार्यालय ज्ञाप को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड़ करना सुनिश्चित करें।
- मैनेजर गेस्ट हाउस को सूचनार्थ प्रेषित।
- सम्बन्धित पत्रावली/कार्यालय ज्ञाप पत्रावली।

CKSingh 27/02/26
प्रभारी-कुलसचिव

CENTRAL COMPUTER CENTRE
RECEIVED
No. ..........
Date 27/02/2026
Gautam Buddha University

# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नौएडा
## गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश)

दिनांकः 14 जनवरी 2026

### बैठक कार्यवृत

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कन्वेंशन सेंटर, गेस्ट हाउस, प्रेक्षागृह, समस्त खेल के मैदानों, इंडोर स्टेडियम, फिल्म/डाक्यूमेंटरी की शूटिंग/तैयारी एवं अन्य भवनों/स्थलों आदि हेतु वर्तमान में प्रचलित शुल्क/किरायें की दरों की पुनः समीक्षा/पुनरीक्षण किये जाने हेतु पत्रांक–जी.बी.यू.–002/प्रशा0/नि.का./सीसीसी/145/2025–910, दिनॉक–13 जनवरी, 2026 के माध्यम से गठित चार सदस्यीय समिति की बैठक दिनांक 14 जनवरी, 2026 को मध्याह्न 12:00 बजे निदेशक (कार्य) कार्यालय में आहूत की गई। उक्त बैठक में निम्न सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

| क.स. | नाम/पद नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | निदेशक (कार्य) अतिरिक्त प्रभार, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय | अध्यक्ष |
| 2. | प्रभारी उप कुलसचिव, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय | सदस्य |
| 3. | चेयरपर्सन, स्पोर्ट काउंसिल, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय | सदस्य |
| 4. | लेखाधिकारी, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय | सदस्य |

समिति द्वारा कन्वेंशन सेंटर, गेस्ट हाउस, प्रेक्षागृह, समस्त खेल के मैदानों, इंडोर स्टेडियम, मेडिटेशन सेंटर, फिल्म/डाक्यूमेंटरी की शूटिंग/तैयारी एवं अन्य भवनों/स्थलों हेतु वर्तमान में प्रचलित शुल्क/किरायें की दरों का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा वर्तमान में प्रचलित दरों पर गहन विचार विमर्श करने के उपरांत कन्वेंशन सेंटर, गैस्ट हाउस, प्रेक्षागृह, समस्त खेल के मैदानों, इंडोर स्टेडियम, फिल्म/डाक्यूमेंटरी की शूटिंग/तैयारी आदि हेतु निम्नलिखित किरायें की दरें एवं नियम व शर्तें निर्धारित किये जाने पर सर्वसम्मति से मत स्थिर किया गया:–

1. **समिति द्वारा विश्वविद्यालय कन्वेंशन सेंटर, गेस्ट हाउस एवं प्रेक्षागृह का किराया निर्धारण/पुनरीक्षण के सम्बन्ध की गई संस्तुतियां :–**

   I. विश्वविद्यालय कन्वेंशन सेंटर (For Rooms):–

| क. सं. | विवरण | वर्तमान निर्धारित किराया (प्रतिदिन) | | प्रस्तावित किराया (प्रतिदिन) शीतकाल/ग्रीष्मकाल |
|---|---|---|---|---|
| | | शीतकाल (01 नवम्बर से 31 मार्च) | ग्रीष्मकाल (01 अप्रैल से 31 अक्टूबर) | |
| 1 | i) समस्त घोषित राज्य अतिथि।<br>ii) गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट, वित्त समिति, एकेडमिक काउंसिल के आमंत्रित सदस्य, एक्सपर्ट सलेक्शन समिति, स्क्रीनिंग समिति, मेंबर एग्जामनर ऑफ जी.बी.यू., स्ट्रक्चर बॉडी विजिटिंग कमेटी एवं गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी द्वारा विश्वविद्यालय के घोषित/अनुमोदित अतिथि।<br>iii) भारत सरकार के कैबिनेट सचिव से संयुक्त सचिव, एवं समकक्ष स्तर तक के अधिकारी, उत्तर प्रदेश एवं अन्य राज्यों के मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव एवं इनके समकक्ष स्तर तक के अधिकारी, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना औ0 वि0 प्राधिकरण एवं अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव से मुख्य कार्यपालक अधिकारी, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं समकक्ष स्तर तक के अधिकारी। | i) निःशुल्क<br>ii) निःशुल्क<br>iii) रू0 500/–प्रतिदिन<br>iv) निःशुल्क<br>v) निःशुल्क | | निःशुल्क |

(हस्ताक्षर) 14/01/26

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | iv) गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय द्वारा आमंत्रित समस्त श्रेणियों के आचार्य एवं समकक्ष अतिथिगण।<br>v). गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के संयुक्त उद्यम (Joint Venture with GBU) के कार्यक्रमों में पधारे आगन्तुगण। मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त। | | | |
| 2 | i). किसी अन्य केन्द्रीय/राज्य स्तरीय, राजकीय/स्ववित्त पोषित विश्वविद्यालय के कुलपति/निदेशक अथवा समकक्ष, प्रोफेसर एवं एसोसिएट प्रोफेसर।<br>ii) गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, नोएडा/ग्रेटर नोएडा/यमुना प्राधिकरण के रू0 6600/-तक अथवा उससे अधिक के ग्रेड पे वाले समस्त अधिकारीगण/ संकाय सदस्य एवं उनके अतिथि। | i) रू0 1500/-प्रति दिन/ सक्षम अधिकारी के अनुमोदन पर निःशुल्क<br>ii) रू0 1500/- प्रतिदिन | | रू0 2000/- प्रतिदिन |
| 3 | i). गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के अधिकारी/कर्मचारियों के निजी अतिथि<br>ii) गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कान्फ्रेंस में आये आगन्तुक (Delegates) हेतु। | i) रू0 1000/-प्रति दिन/ सक्षम अधिकारी के अनुमोदन पर निःशुल्क<br>ii) रू0 1000/- प्रतिदिन | | रू0 1500/- प्रतिदिन (अधिकतम 05 दिन) |
| 4 | गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य/अधिकारीगण की नई नियुक्ति होने के दृष्टिगत भवन आवंटन होने की स्थिति में अधिकतम 15 दिन निःशुल्क तथा 15 दिन पश्चात शुल्क देय। | रू0 500/-प्रतिदिन | | रू0 1250/- प्रतिदिन। |
| 5 | i) स्वेच्छा से बुकिंग कराये जाने हेतु।<br>ii) 10 या उससे अधिक कमरों की एक साथ बुकिंग हेतु। | रू0 2,500/- प्रति कमरा/ प्रतिदिन | i) रू0 4,000/- प्रति कमरा/ प्रतिदिन (एक साथ कम से कम 30 कमरों की बुकिंग होने पर ही सेन्ट्रल एयर कंडीशन की सुविधा दी जाएगी।<br>ii) रू0 3,000/- प्रति कमरा/ प्रतिदिन (Only for rooms with split A/c subject to availability) | i) रू0 3,000/- प्रति कमरा/ प्रतिदिन<br>ii) रू0 2,500/- प्रति कमरा/प्रतिदिन |
| 6. | किसी भी देश/विदेश के विश्वविद्यालय के शिष्टमंडल द्वारा गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के साथ संयुक्त अध्ययन अथवा समान रुचि के अध्ययन हेतु भ्रमण करने पर | सक्षम अधिकारी के अनुमोदन उपरांत आवास व आतिथ्य सुविधा निःशुल्क/ आंशिक शुल्क पर | | श्रेणी सम्मिलित नहीं है। |

**Note:-**

I. किसी भी प्रकार की निःशुल्क बुकिंग हेतु, किये गये अनुरोध के क्रम में मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरांत आवास सुविधा निःशुल्क दी जायेगी।

II. उपरोक्त अंकित किराये की दरें जी0एस0टी0 रहित (Exclusive GST) है।

III. वर्तमान में गेस्ट हाउस एवं कन्वेंशन सेंटर में कक्षों को आरक्षित किये जाने हेतु प्रस्तावित दरें ग्रीष्मकाल एवं शीतकाल में समान रहेंगी।

14/01/26

14/01/26

II. विश्वविद्यालय गेस्ट हाउस (For Rooms) :-

| क्र. स | विवरण | वर्तमान निर्धारित किराया | | प्रस्तावित किराया (प्रतिदिन) (ग्रीष्मकाल/शीतकाल) |
|---|---|---|---|---|
| | | शीतकाल (01 नवम्बर से 31 मार्च) | ग्रीष्मकाल (01 अप्रैल से 31 अक्टूबर) | |
| 1 | गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय द्वारा आमंत्रित समस्त श्रेणियों के आचार्य एवं समकक्ष अतिथिगण एवं गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी द्वारा घोषित/अनुमोदित/ आमंत्रित अतिथि (अग्रिम अनुमोदन होने पर) | i) रू0 750/-प्रतिदिन<br>ii) सक्षम अधिकारी के अनुमोदन पर निःशुल्क (Without A/c facility) | | रू0 750/-प्रतिदिन (Without A/c Facility)<br>रू0 1000/-प्रतिदिन (With A/c Facility) |
| 2 | गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कान्फ्रेंस में आये आगन्तुकगण (Delegates) हेतु। | i) रू0 500/-प्रतिदिन<br>ii) सक्षम अधिकारी के अनुमोदन पर निःशुल्क (WithoutA/c facility) | | रू0 750/-प्रतिदिन (Without A/c Facility)<br>रू0 1000/-प्रतिदिन (With A/c Facility) |
| 3 | i) गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों/छात्राओं के अभिभावक आदि।<br>ii) गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, नोएडा/ग्रेटर नोएडा/यमुना प्राधिकरण के रू0 6600/-तक अथवा उससे अधिक के ग्रेड पे वाले समस्त अधिकारीगण/संकाय सदस्य एवं उनके अतिथि। | i) रू0 1000/-प्रतिदिन सक्षम अधिकारी के अनुमोदन पर निःशुल्क (WithoutA/c facility in Summer)<br>ii) रू0 1000/-प्रतिदिन सक्षम अधिकारी के अनुमोदन पर निःशुल्क (WithoutA/c facility) | | रू0 750/-प्रतिदिन (Without A/c Facility)<br>रू0 1000/-प्रतिदिन (With A/c Facility) |
| 4 | विश्वविद्यालय के किसी भी अधिकारी/कर्मचारी/ संकाय सदस्य के अतिथि। | रू0 500/-प्रति कमरा/प्रतिदिन (Without A/c facility) | | रू0 750/-प्रतिदिन (Without A/c Facility)<br>रू0 1000/-प्रतिदिन (With A/c Facility)<br>(अधिकतम 05 दिन तक मान्य) |
| 5 | i) 10 या उससे अधिक कमरों की एक साथ बुकिंग हेतु<br>ii) विश्वविद्यालय गेस्ट हाउस में स्वेच्छा से आये अतिथिगण। | रू0 1500/-प्रति कमरा/प्रतिदिन | i) रू0 2000/- प्रति कमरा/प्रतिदिन (एक साथ कम से कम 60 कमरों की बुकिंग होने पर ही सेन्ट्रल एयर कंडीशन की सुविधा दी जाएगी।)<br>ii) रू0 1500/-प्रति कमरा/प्रतिदिन (Without A/c Facility) | i) रू0 1500/- प्रति कमरा/प्रतिदिन (एक साथ कम से कम 60 कमरों की बुकिंग होने पर ही सेन्ट्रल एयर कंडीशन की सुविधा दी जाएगी।)<br>ii) रू0 2000/-प्रति कमरा/प्रतिदिन (With A/c Facility) |

Note:-

I. किसी भी प्रकार की निःशुल्क बुकिंग हेतु किये गये अनुरोध के क्रम में मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरांत आवास सुविधा निःशुल्क दी जायेगी।

II. उपरोक्त अंकित किराये की दरें जी0एस0टी0 रहित (Exclusive GST) है।

III. वर्तमान में गेस्ट हाउस एवं कन्वेंशन सेंटर में कक्षों को आरक्षित किये जाने हेतु प्रस्तावित दरें ग्रीष्मकाल एवं शीतकाल में समान रहेंगी।

विश्वविद्यालय कन्वेंशन सेंटर एवं गेस्ट हाउस हेतु निर्धारित नियम व शर्तें:-

1. विश्वविद्यालय गेस्ट हाउस/कन्वेंशन सेंटर में Bulk/एक साथ 10 या 10 अधिक कमरें आरक्षित करने की स्थिति में बुकिंग धनराशि (किराये की धनराशि) की पचास प्रतिशत धनराशि अग्रिम के रूप में बुकिंग के समय जमा करानी होगी। इसके साथ ही बुकिंग की अवशेष धनराशि कार्यक्रम की निर्धारित तिथि से 02 दिन पूर्व जमा करानी होगी।

2. गेस्ट हाउस/कन्वेंशन सेंटर में आगमन एवं प्रस्थान का समय (चेक इन/चैक आउट):- गेस्ट किसी भी समय आगमन/चैक इन कर सकते है। सामान्यतः कमरे का आरक्षण 24 घंटे की अवधि के लिए होगा। परन्तु कमरें का 24 घंटे (Fraction Day) से कम उपयोग करने की स्थिति में भी पूरे दिन की गणना की जाएगी एवं किराया पूरे 24 घंटे का देय होगा।

3. गेस्ट द्वारा कन्वेंशन सेंटर/गेस्ट हाउस में कमरें आरक्षित किये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप/डिमांड पत्र भरकर स्वयं का पेन कार्ड/आधार कार्ड/अन्य की प्रति संलग्नक कर सम्बन्धित कार्यालय में जमा करायेगें।

4. विश्वविद्यालय के किसी भी अधिकारी/कर्मचारी/संकाय सदस्य को अपने अतिथि को कन्वेंशन सेंटर/गेस्ट हाउस में ठहराने के लिए सामान्यतः अधिकतम 05 दिन/रात हेतु अनुमति दी जाएगी।

5. विश्वविद्यालय में अध्ययनरत्/निवासरत छात्र/छात्राओं के अभिभावकगणों को गेस्ट हाउस में ठहरने हेतु इनके द्वारा दिये गये अनुरोध पत्र को सम्बन्धित छात्रावास के छात्रावास अभिरक्षक/सम्बन्धित स्कूल के अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष द्वारा संस्तुति सहित सक्षम अधिकारी को प्रेषित किया जाना होगा। सक्षम अधिकारी से प्राप्त अनुमति के उपरांत ही इन्हें ठहरने की सुविधा प्रदान की जायेगी।

6. डबल बेड के एक कमरें में अधिकतम दो व्यक्तियों के ही ठहरने की अनुमति होगी।

7. विशेष परिस्थितियों में कन्वेंशन सेंटर/गेस्ट हाउस के कमरों की निःशुल्क अनुमति 02 दिन तक के लिए (अधिकतम 02 कमरों हेतु) कुलसचिव तथा इससे अधिक के लिए अनुमति माननीय कुलपति द्वारा प्रदान की जायेगी।

8. गेस्ट द्वारा गेस्ट हाउस/कन्वेंशन सेंटर में आरक्षित कक्ष को छोडने से पहले कमरें की चाबी (Key) रिसेप्शन पर जमा करानी होगी।

9. गेस्ट द्वारा आरक्षित कराये गये कमरों में बुकिंग अवधि के दौरान स्वयं की वस्तुओं के गायब/टूटफूट की जिम्मेदारी स्वयं गेस्ट की होगी, जिसका गेस्ट हाउस/कन्वेंशन सेंटर/विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

10. कमरों में भोजन पकाने/परोसने/खाने से सम्बन्धित बर्तनों की अनुमति नही होगी। भोजन से सम्बन्धित समस्त व्यवस्था डायनिंग हॉल में ही होगी।

11. गेस्ट हाउस स्टाफ द्वारा सम्बन्धित कक्ष आवंटी को कमरें का कब्जा देते समय एक टायलेट साबुन, साफ बैडशीट/बेडकवर, तकिया-एक सेट, फ्रेश टायलेट पेपर रौल उपलब्ध करायेगें, उक्त सामग्री तीन दिन पश्चात् ही आवश्यकता पडने पर दी जाएगी।

12. गेस्ट द्वारा, गेस्ट हाउस में ठहरने की अवधि के दौरान शालीनता और कमरें/भवन की साज-सज्जा बनाए रखें। शोर या किसी भी प्रकार का अभद्र व्यवहार, गैरकानूनी व्यवहार न करें, जिससे गेस्ट हाउस में असुविधा एवं अशांति का वातावरण बनें, ऐसी स्थिति में कमरें का आरक्षण निरस्त किया जा सकता है।

13. गेस्ट हाउस/कन्वेंशन सेंटर, कमरों या कैंपस के अन्दर किसी भी प्रकार का धूम्रपान, शराब आदि नशे का सेवन निषेध है। उक्त प्रकार की क्रियाकलाप पाये जाने पर कक्ष का आवंटन तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा एवं नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

14. गेस्ट हाउस/कन्वेंशन सेंटर में Music/Sound/ Fire Crackers/Arms आदि प्रतिबंधित है।

14/01/26

15. विश्वविद्यालय के कन्वेंशन सेंटर एवं गेस्ट हाउस में गेस्ट के ठहरने की अवधि के दौरान उक्त भवनों/कमरों आदि की सम्पत्ति, फिटिंग और फर्नीचर को किसी भी प्रकार के नुकसान होने पर स्वयं बुकिंगकर्ता उत्तरदायी होगा। उक्त क्षति की प्रतिपूर्ति सम्बन्धित बुकिंगकर्ता से अथवा बुकिंग के दौरान जमा कराई गई धरोहर धनराशि से की जाएगी।

16. कन्वेंशन सेंटर एवं गेस्ट हाउस में पालतू जानवर आदि रखने की अनुमति नहीं होगी।

17. चैक इन के समय गेस्ट को विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये गये सहमति पत्र के साथ साथ अपना पैन कार्ड/आधार कार्ड अथवा सरकार द्वारा जारी अन्य वैध पहचान पत्र (Passport, Voter ID, Driving License) से सम्बन्धित दस्तावेज प्रस्तुत करने होगें अन्यथा की स्थिति में गेस्ट हाउस/कन्वेंशन सेंटर परिसर में प्रवेश नही किया जाएगा।

18. कन्वेंशन सेंटर एवं गेस्ट हाउस में कमरों की बुकिंग को किसी भी समय निरस्त किये जाने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है।

19. कन्वेंशन सेंटर एवं गेस्ट हाउस हेतु उक्तांकित निर्धारित दरों में जी0एस0टी0 सम्मिलित नहीं है, जो कि लागू दर के अनुसार अलग से देय होगा। इसके साथ ही समय समय पर सरकार द्वारा जी0एस0टी0 (TAX) की दरों में परिवर्तन किये जाने की दशा में परिवर्तित दरें लागू होंगी।

20. विश्वविद्यालय के कन्वेंशन सेंटर एवं गेस्ट हाउस में कमरों को बुकिंग को सम्बन्धित बुकिंगकर्ता द्वारा निरस्त कराने की स्थिति में निम्नानुसार कटौती की जानी है:-

| | |
|---|---|
| A. Booking cancelled one month earlier - | 5% of the entire booking. |
| B. Booking cancelled before 15 days - | 10% of the entire booking |
| C. Booking cancelled before 02 days - | 15% of the entire booking |
| D. Last moment cancellation (24 hrs.) - | 20% of the entire booking |

[signatures]

III. प्रेक्षागृह (Auditorium)/ हॉल (Halls) हेतु निर्धारित दरें :–

| S. No. | Auditorium Type | Seating Capacity | PRESENT RATE (RENT) | | | | PROPOSED RATE (RENT) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | WINTER SEASON | | SUMMER SEASON | | WINTER SEASON | | SUMMER SEASON | |
| | | | Half Day (4 Hours) | Full Day (8 Hours) | Half Day (4 Hours) | Full Day (8 Hours) | Half Day (4 Hours) | Full Day (8 Hours) | Half Day (4 Hours) | Full Day (8 Hours) |
| 1. | AUDI-01 | 1549 | 1,25,000 | 1,75,000 | 1,75,0 00 | 2,50,000 | 1,25,000 | 1,75,000 | 1,75,000 | 2,50,000 |
| 2 | AUDI-02 | 220 | 30,000 | 50,000 | 70,000 | 1,10,000 | 30,000 | 50,000 | 70,000 | 1,10,000 |
| 3 | AUDI-03 | 415 | 40,000 | 75,000 | 70,000 | 1,20,000 | 40,000 | 75,000 | 90,000 | 1,30,000 |
| 4. | AUDI-04, 05 & Convention Hall | 108/94/42 | 25,000 | 40,000 | 65,000 | 1,00,000 | 25,000 | 40,000 | 65,000 | 1,00,000 |
| 5 | Convention Center Auditorium | 140 | 15,000 | 25,000 | 40,000 | 75,000 | 15,000 | 25,000 | 30,000 | 50,000 |
| 6 | Convention Center Kitchen & dining area | 150 | 15,000 | 25,000 | 40,000 | 75,000 | 15,000 | 25,000 | 25,000 | 40,000 |
| 7 | Guest House 1st Floor Hall (Without Dinning Area) | ---- | 5,000 & 3000 for GBU Employee | 7,500 & 5000 for GBU Employee | 30,000 | 50,000 | 5,000 | 7,500 | 10,000 | 15,000 |
| 8 | Guest House Lobby (Including Kitchen+ Dinning) | ---- | 10,000& 6000 for GBU Employee. | 15,000& 9000 for GBU Employee | 30,000 | 50,000 | 10,000 | 15,000 | 20,000 | 30,000 |
| 9 | Confrenece Hall of Guest House* | 100 | ---- | ---- | ---- | ---- | 10,000 | 15,000 | 20,000 | 30,000 |
| 10 | Dining Area of Auditorium* | ---- | ---- | ---- | ---- | ---- | 15,000 | 25,000 | 25,000 | 40,000 |
| 11 | Conference Hall (Convention Center 2nd Floor)* | 12 | ---- | ---- | ---- | ---- | 5,000 | 7,500 | 10,000 | 15,000 |

NOTE:-

1. उपरोक्त अंकित किराये की दरें जी0एस0टी0रहित (Exclusive GST) है।
2. *बिन्दु संख्या 09, 10 एवं 11 पर अंकित सम्बन्धित हॉल/डाईनिंग एरिया आदि की किराये की दरें पूर्व में सम्मलित नहीं थी वर्तमान में उक्त दरें सम्मलित की गई है।
3. In Case of failure of electricity Rs. 5000/- per hour without Centralised A.C. & Rs. 10,000/- per hour with Centralised A.C for Auditorium- 01 & for rest of Auditoriums Rs. 5000/- per hour will be charged extra for DG Operation.

14/01/26

14/01/26

विश्वविद्यालय के समस्त प्रेक्षागृह (Auditorium)/Halls हेतु निर्धारित नियम व शर्ते:-

1. उपरोक्त के साथ ही समिति द्वारा प्रेक्षागृह हेतु निर्धारित किराये की दरों को संज्ञान में लिया गया। तदक्रम में सक्षम स्तर से प्राप्त निर्देशों के क्रम में विश्वविद्यालय में Sponsorship के माध्यम से आयोजित होने वाले FDP, MDP, Workshop, Seminar & Training Organised by GBU से सम्बन्धित कार्यक्रमों के आयोजन के लिए निर्धारित उक्त किराये की धनराशि में 50 प्रतिशत छूट के आधार बुकिंग कराये जाने हेतु सर्वसम्मति से मत स्थिर किया गया।

2. समस्त प्रेक्षागृह विश्वविद्यालय के आयोजनों या विश्वविद्यालय के सहभाग में होने वाले आयोजनों के लिए सक्षम अधिकारी के अनुमोदन पर निःशुल्क उपयोग किये जा सकेंगे। राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय महत्व के शैक्षिक सामाजिक या सांस्कृतिक संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रमों को सक्षम अधिकारी के अनुमोदन पर निःशुल्क उपयोग किये जा सकेंगा।

3. विश्वविद्यालय के सम्बन्धित प्रेक्षागृह को आरक्षित किये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप/डिमांड पत्र भरकर स्वयं का पैन कार्ड/आधार कार्ड/जी.एस.टी./आदि की प्रति संलग्न कर निदेशक (कार्य) कार्यालय में जमा करायेंगें।

4. सम्बन्धित प्रेक्षागृह हेतु बुकिंग की निर्धारित पूर्ण धनराशि को अग्रिम रूप से बुकिंग के समय चैक/डी0डी0/NEFT के माध्यम से गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय (Gautam Buddha University) के पक्ष में जमा कराया जाएगा।

5. सम्बन्धित प्रेक्षागृह हेतु बुकिंग के सापेक्ष निर्धारित धरोहर धनराशि का पृथक चैक गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय (Gautam Buddha University) के पक्ष में जमा कराना होगा।

6. कार्यक्रम आयोजन के पूर्व दिवसों में कार्यक्रम की तैयारी (Preparation) हेतु सम्बन्धित प्रेक्षागृह को उपयोग करने की दशा में प्रेक्षागृह की कुल बुकिंग धनराशि का 25 प्रतिशत अग्रिम रूप में जमा कराना होगा। सम्बन्धित प्रेक्षागृह में तैयारी (Preparation) के दौरान एयर कंडीशनं एवं विद्युत कटौती की स्थिति में डी0जी0 की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

7. सम्बन्धित प्रेक्षागृह में कार्यक्रम के दौरान विद्युत कटौती की स्थिति में डी0जी0 के सापेक्ष निर्धारित दरों के अनुसार, डी0जी0 चार्ज रू0 10,000.00/ प्रति घंटे की दर से अतिरिक्त देय होगा।

8. समस्त प्रेक्षागृहों में दो शिफ्टों का प्रावधान है, प्रथम शिफ्ट एवं द्वितीय शिफ्ट। प्रत्येक शिफ्ट के लिए 04 घंटे निर्धारित है तथा पूरे दिन हेतु 08 घंटे की शिफ्ट निर्धारित है।

9. सम्बन्धित प्रेक्षागृह हेतु निर्धारित Seating Capacity से यदि 03 प्रतिशत तक Seating Capacity (निर्धारित क्षमता से अधिक) पायी जाती है तो उस स्थिति में सम्बन्धित बुकिंगकर्ता द्वारा जमा की गई धनराशि से 10 प्रतिशत की कटौती की जायेगी। यदि निर्धारित Seating Capacity से 3 प्रतिशत से अधिक क्षमता पाई जाती है, तो उस स्थिति में सम्बन्धित द्वारा जमा की गई धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।

10. सम्बन्धित प्रेक्षागृह परिसर की साफ-सफाई हेतु धनराशि रू0 5,000.00 (कर अतिरिक्त) बुकिंग धनराशि से अतिरिक्त देय होगी।

11. विश्वविद्यालय के पास प्रेक्षागृह/हॉल की बुकिंग को किसी भी समय निरस्त किये जाने का अधिकार सुरक्षित है।

12. विश्वविद्यालय के समस्त प्रेक्षागृह (Auditorium)/Halls की बुकिंग को सम्बन्धित बुकिंगकर्ता द्वारा निरस्त कराने की स्थिति में निम्नानुसार कटौती की जानी है:-

| | |
|---|---|
| A. Booking cancelled one month earlier - | 5% of the entire booking |
| B. Booking cancelled before 15 days - | 10% of the entire booking |
| C. Booking cancelled before 05 days - | 15% of the entire booking. |
| D. Last moment cancellation 02 days - | 20% of the entire booking. |

CKS 14/01/26

14/01/26

3. <u>समिति द्वारा विश्वविद्यालय परिसर स्थित समस्त खेल के मैदानों, इंडोर स्टेडियम आदि का किराया निर्धारण/पुनरीक्षण के सम्बन्ध में की गई संस्तुतियाँ:-</u>

विश्वविद्यालय में वित्तीय संसाधन बढ़ाने की दृष्टि से विश्वविद्यालय परिसर के एकलव्य क्रीड़ा परिसर में स्थित इनडोर स्टेडियम हेतु पूर्व में अनुमोदित दरों का अवलोकन किया गया। तदक्रम में इंडोर स्टेडियम में विद्युत लोड/उपभोग की गणना अवर अभियंता (विद्युत) द्वारा करते हुए धनराशि रु0 6,473.25/प्रति घंटा व्यय भार आगणित किया गया। तदनुसार उक्त को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के आर्थिक हितों के दृष्टिगत इनडोर स्टेडियम बुकिंग हेतु निम्न दरें निर्धारित करने पर सर्वसम्मति से मत स्थिर किया गया:-

| S.No. | Organization | Proposed Charges Per Day (Without AC) | Proposed Charges Per Day (With AC for 08 Hrs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Charges for Profession Cultural Events | Rs. 1,00,000.00 | Rs. 1,50,000.00 |
| 2. | Charges For Sports Events | Rs. 75,000.00 | Rs. 1,25,000.00 |
| 3. | Charges for Federations/Individual Club/Institutions | Rs. 50,000.00 | Rs. 1,00,000.00 |

उक्त के साथ ही प्रबन्ध बोर्ड की सत्रहवीं बैठक के बिन्दु संख्या 17.16.10 में उल्लेखित अन्य विभिन्न खेल के मैदानों (इंडोर स्टेडियम को छोड़कर) हेतु निर्धारित दरें यथावत् रखने पर सर्वसम्मति से मत स्थिर किया गया।

4. <u>समिति द्वारा फिल्म/डाक्यूमेंट्री की शूटिंग/तैयारी एवं अन्य भवनों/स्थलों हेतु किराया निर्धारण/पुनरीक्षण हेतु की गई संस्तुतियाँ:-</u>

वित्त समिति की सोलहवीं बैठक दिनांक 18 दिसम्बर, 2016 में प्रदत्त अनुमोदन के क्रम में विश्वविद्यालय परिसर में किसी फिल्म/डाक्यूमेंट्री फिल्म की शूटिंग किये जाने हेतु तत्समय निर्धारित दरें यथावत् रखने हेतु सर्वसम्मति से मत स्थिर किया गया (संलग्नक)।

5. <u>समिति द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में निर्मित ध्यानकेन्द्र एवं स्कूल ऑडिटोरियम हेतु किराया निर्धारण/पुनरीक्षण हेतु की गई संस्तुतियाँ:-</u>

समिति द्वारा वित्त समिति की चौदहवीं बैठक दिनांक 22 सितम्बर, 2014 में ध्यान केन्द्र एवं स्कूल ऑडिटोरियम हेतु निर्धारित दरों का अवलोकन किया गया। तदक्रम में समिति द्वारा ध्यानकेन्द्र हेतु रु0 25,000.00/प्रतिदिन (Without AC) एवं रु0 50,000.00/-/प्रतिदिन (With AC) निर्धारित किये जाने तथा स्कूल ऑडिटोरियम का किराया रु0 15,000.00 प्रतिदिन निर्धारित किये जाने हेतु सर्वसम्मति से मत स्थिर किया गया।

धन्यवाद प्रस्ताव के साथ उक्त बैठक सम्पन्न हुई।

(डा0 संदीप कुमार द्विवेदी)
लेखा अधिकारी,
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय

(डा0 नागेन्द्र सिंह)
चेयरपर्सन, स्पोर्ट्स काउंसिल
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय

(प्रो0 उत्तम कुमार)
प्रभारी उपकुलसचिव,
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय

(प्रो0 चन्द्र कुमार सिंह)
प्रभारी निदेशक कार्य,
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय